दिन–बुधवार दिनांक– 28/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त अधिवेशन को संबोधन के साथ ही संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि केंद्र सरकार की मजबूत नीतियों और पहलों के कारण देश में कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुयी है। श्रीमती मुर्मु ने ऊर्जा क्षेत्र में देश की प्रगति का जिक्र करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि देश इस दशक के अंत तक पांच सौ गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत– जी राम जी कानून लागू किया गया है। बजट सत्र का पहला चरण आज से तेरह फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कल आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा, जबकि एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगी। दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक आयोजित होगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के तहत दरभंगा जिले में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री कुमार ने एक सौ पांच करोड़ रूपये लागत वाली पचास योजनाओं का शिलान्यास, जबकि तैंतीस करोड़ रूपये लागत वाली चालीस योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से बिहार की प्रगति यात्रा लगातार जारी है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग कर रही है। मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय झा, राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का आज एक विमान हादसे में आसामायिक निधन हो गया। पुणे के बारामती एयरपोर्ट पर उनका विमान लैंडिंग के समय संतुलन खोकर क्रैश हो गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, लोजपा, रामविलास के प्रमुख चिराग

पासवान, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न भागों में बादल छाये हुए हैं और कहीं–कहीं हल्की बारिश भी हुई है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है। विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले में एक–दो स्थानों पर वज्रपात की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एंव भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज गया में जन संवाद कल्याण के तहत लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने दाखिल–खारिज, परिमार्जन और जमीन सर्वे से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

सीवान बार काउंसिल के सचिव नवेन्दु शेखर दीपक के आधिकारिक ई–मेल और मोबाईल पर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों इसे गंभीरता से लेते हुए कोर्ट परिसर में तलाशी अभियान चला रही है।

———————————————————————

शेखपुरा के प्रधान जिला जज संतोष कुमार तिवारी ने मध्यस्थता जागरूकता रथ को रवाना किया। इसके माध्यम से जिले में इकतीस मार्च तक चलने वाले मध्यस्थता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

———————————————————————

अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र में पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।